आँखो में हो आंसू

आँखो में हो आंसू और होठों पे हो माँ का नाम,
क्यों नही रीझेंगी मेरी माँ क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
करो भरोसा माँ पे बन जायेगें तेरे बिगड़े काम,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
आँखो में हो आंसू और होठों पे हो मां का नाम....

अपने पापों पर पछताये जब भी तू रो देगा,
तेरा ईक ईक आंसू क्यो ना पापों को धो देगा,
फिर अम्बे माँ का दर्शन होगा क्या होगा ईनाम,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ,
क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
आँखो में हो आंसू और होठों पे मां का नाम....

आंसू है वो दर्पण जिसमें रूप मैया का बसता,
ऐसे रोने से माँ मिल जाये तो जानो सस्ता,
कितने दुर्लभ माँ के दर्शन कितने सस्ते दाम,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ,
क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
आँखो में हो आंसू और होठों पे मां का नाम.....

रोने से जग हसँता है पर रो देना आसान नही,
दीन बन्धु माँ करुणां सिन्धु कर देगी पहचान सही,
भक्त वक्तसला शरणागत भज ले सुबह शाम,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ,
क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
आँखो में हो आंसू और होठों पे मां का नाम.....

वो आसू भी क्या आंसू जो जग के लिए बहाये,
माँ की याद में बहे जो आंसू बहाये वो आंसू कहलाये,
ऐसे ही ईक आंसू पर वो दौड़ी आयेगी माँ,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ,
क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
आँखो में हो आंसू और होठों पे मां का नाम.....

आँखो में हो आंसू और होठों पे माँ का नाम,
क्यों नही रीझेंगी मेरी माँ क्यों नही मानेगी मेरी माँ,
करो भरोसा माँ पे बन जायेगें तेरे बिगड़े काम,
क्यों नही रीझेगी मेरी माँ क्यों नही मानेगी मेरी माँ...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24971/title/aankhon-me-ho-aansu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |